आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 139 | उज्जैन, शनिवार 12 अप्रैल 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्री आनंद सर मंदिर परिसर में दर्शन कर सरोवर में पुष्प अर्पित किए

भोपाल। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री आनंदपुर धाम में परम पावन पूजा स्थल महातीर्थ श्री आनंद सर मंदिर परिसर में 4 मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने श्री आनन्द सरोवर में पुष्प अर्पित कर परमपिता से देशवासियों की सुख- समृद्धि और कल्याण की कामना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी श्री आनंदपुर धाम स्थित हैलीपेड से सीधे मंदिर परिसर में दर्शन करने पहुंचे। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ग्वालियर से हैलीकॉप्टर द्वारा श्री आनंदपुर धाम आगमन हुआ।



मोती महल में की श्री परमहंस अद्वैत मत के प्रमुख गुरु महाराज से विशेष भेंट प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मोती महल में श्री परमहंस अद्वैत मत परम्परा के प्रमुख गुरु महाराज से शिष्टाचार भेंट की। यह विशेष भेंट आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विषयों पर केंद्रित रही, जिसमें देश की आध्यात्मिक चेतना और नैतिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करने पर पारस्परिक संवाद हुआ। इस विशेष भेंट ने न केवल आध्यात्मिक जगत में उत्साह का संचार किया, बल्कि यह भी दर्शाया कि देश के नेतृत्व और आध्यात्मिक संस्थाओं के बीच सकारात्मक संवाद सतत रूप से जारी है।

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अपराह लगभग 3.30 बजे अशोकनगर जिले के श्री आनंदपुर धाम पहुंचे। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हेलीपैड पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित थे।

## केरल में वकीलों और छात्रों के बीच झड़प, 20 से ज्यादा लोग घायल; पुलिस को देना पड़ा दखल



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में छात्र संगठन एसएफआई के कार्यकर्ताओं और वकीलों के बीच झड़प हो गई। इसमें 20 लोग से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना एर्नाकुलम जिला न्यायालय परिसर में जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक समारोह के दौरान हुई। आरोप है कि एसएफआई कार्यकर्ताओं ने बार एसोसिएशन के वार्षिक समारोह में जबरन घुसकर हंगामा किया। पुलिस ने बताया कि इस झड़प में एसएफआई के 16 कार्यकर्ता और 8 वकील घायल हो गए हैं।

कार्यक्रम में घुसकर किया हंगामा- बता दें कि एर्नाकुलम जिला न्यायालय परिसर में जिला बार एसोसिएशन का कार्यक्रम हो रहा था। वकीलों का आरोप है कि महाराजा कॉलेज के कुछ छात्रों ने कार्यक्रम में घुसकर हंगामा किया। हालांकि एसएफआई का कहना है कि वकीलों ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

पुलिस ने किसी तरह स्थिति पर नियंत्रण पाने की कोशिश की। इस झड़प का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं अब मामले में राजनीति भी शुरू हो गई है। विपक्ष ने इसे लेकर सीपीआई (एम) पर निशाना साधा है।

## थाईलैंड के रास्ते म्यांमार भेजे जा रहे थे 60 भारतीय, करवाई जा रही थी साइबर गुलामी



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कामयाबी मिली है। शुक्रवार को पुलिस ने 60 लोगों का रेस्क्यू किया है, जिन्हें साइबर गुलामी के लिए म्यांमार ले जाया जा रहा था। इसी के साथ मुंबई पुलिस ने विदेशी नागरिक समेत 5 एजेंट्स को भी गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने दर्ज की 3 FIR- महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने इस मामले में तीन FIR दर्ज की हैं। साजिशकर्ताओं ने सभी लोगों से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया था। उन्हें थाईलैंड और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में ज्यादा पैसे कमाने की लालच देकर म्यांमार ले जाने की प्लानिंग थी। हालांकि साइबर पुलिस ने साजिशकर्ताओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया है।

जानकारी के अनुसार एजेंट्स ने सभी 60 लोगों का पासपोर्ट बनवाया और उन्हें विमान की टिकट भी लाकर दी। एजेंट्स ने सभी के लिए थाईलैंड का टूरिस्ट वीजा बनवाया था। थाईलैंड पहुंचने के बाद सभी को बॉर्डर के रास्ते म्यांमार ले जाया जाता।

## हम बंदूक के बल पर बात नहीं करते..., अमेरिका के साथ ट्रेड डील पर पीयूष गोयल का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर अमेरिका के साथ बातचीत में सरकार, देश तथा जनता के हितों की रक्षा करेगी और इस बारे में जल्दबाजी में कोई भी कदम नहीं उठाएगी।

उन्होंने कहा कि देश की सभी व्यापार वार्ताएं इंडिया फर्स्ट के दृष्टिकोण के साथ अच्छी तरह से आगे बढ़ रही हैं और विकसित भारत 2047 का मार्ग सुनिश्चित कर रही हैं। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की प्रगति के बारे में पूछे जाने पर गोयल ने पत्रकारों से कहा, हमने पहले भी कई बार कहा है कि हम बंदूक की नोक पर बात नहीं करते हैं। समयबद्ध तरीके से काम करना अच्छा है, लेकिन जब बात देश हित और जनहित की हो तो तब किसी भी तरह की जल्दबाजी अच्छी नहीं होती।

समझौते का क्या है मकसद - दोनों देशों ने इस वर्ष शरद ऋतु (सितंबर-अक्टूबर) तक समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने का लक्ष्य रखा है। इस समझौते का मकसद 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को वर्तमान 191 अरब डॉलर से दोगुना कर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते पर गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता तब आगे बढ़ती है जब दोनों पक्ष एक-दूसरे की चिंताओं और आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील होते हैं।

## टैरिफ के बाद ट्रंप का 'MAGA' प्लान, अमेरिका और चीन के रिश्तों को लेकर एस जयशंकर का बड़ा बयान



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कार्नेगी ग्लोबल टेक समिट 2025 में भाग लेते हुए दुनिया में बदलते तकनीकी और भू-राजनीतिक हालातों पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में अमेरिका की वैश्विक दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव आया है, जिसका असर खासकर तकनीक के क्षेत्र में गहराई से देखा जा सकता है।

जयशंकर ने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के MAGA एजेंडे और टेक्नोलॉजी के बीच अब स्पष्ट संबंध दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि तकनीक न सिर्फ अमेरिका की सबसे बड़ी ताकत है बल्कि वैश्विक प्रगति में भी उसका बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा, ÷टेक्नोलॉजी का अमेरिका को महान बनाने में अहम रोल है, जो बात पहले इतनी साफ नहीं थी, अब वह पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है।

जयशंकर ने यह भी बताया कि अमेरिका के अलावा चीन भी पिछले एक साल में लगातार प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे सामने आया है।

उन्होंने यूरोप की स्थिति पर भी विचार साझा करते हुए कहा कि पांच साल पहले यूरोप के पास अमेरिका, रूस और चीन के साथ एक संतुलित संबंध था। लेकिन आज वह त्रिकोणीय संतुलन तनाव में है और हर दिशा से दबाव महसूस हो रहा है। जयशंकर ने कहा, यह बदलाव नाटकीय भले न लगे, लेकिन यह धीरे-धीरे गहराता जा रहा है और इसका असर वैश्विक संबंधों पर पड़ेगा।

## बुजुर्गों की सब्सिडी रोककर रेलवे ने कमाए कितने करोड़? संख्या जानकर नहीं होगा यकीन




नई दिल्ली (एजेंसी)। रेलवे ने बुजुर्गों की सब्सिडी या रियायत वापस लेकर पांच वर्षों में लगभग 8,913 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है।

सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई सूचना के जवाब में रेलवे ने यह जानकारी दी है। 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और ट्रांसजेंडर और 58 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 20 मार्च, 2020 से पहले सभी वर्गों के लिए ट्रेन टिकटों पर क्रमश 40 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी, लेकिन कोविड महामारी के कारण रेल मंत्रालय ने इसे वापस ले लिया था।

## सबका साथ, सबका विकास का मंत्र हमारी नीति भी और निष्ठा भी, एमपी के आनंदपुर धाम में बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में स्थित आनंदपुर धाम पहुंचे और धार्मिक स्थल के अंदर स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की। आनंदपुर धाम ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर गांव में स्थित है, जो अशोकनगर जिला मुख्यालय से लगभग 30 किमी और भोपाल से 215 किमी दूर है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। इसलिए हमारे संतों ने अशोक नगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। मुझे खुशी है कि आज यहां बैसाखी और श्री गुरु महाराज जी के अवतरण उत्सव में मुझे शामिल होने का अवसर मिला है।

हम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी महाराज के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते है। एक समय था, जब आदि शंकराचार्य जैसे आचार्यों ने अद्वैत दर्शन के गहरे ज्ञान की व्यख्या की थी।

पीएम मोदी ने कहा, हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है।

उन्होंने कहा, इसी परंपरा में पूज्य अद्वैतानंद जी महाराज ने भारत के जन सामान्य तक इसे पहुंचाने का बीड़ा उठाया। महाराज जी ने अद्वैत के ज्ञान को हम सभी के लिए और सरल बनाया, उसे सामान्य मानवी के लिए और सुलभ कर दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प...'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र... सेवा की ये भावना...आज सरकार की नीति भी है और निष्ठा भी है।

# बांग्लादेश में फिर होगा तख्ता पलट? मोहम्मद यूनुस का बड़ा एक्शन, आर्मी चीफ के रूस जाते ही सेना के 5 अधिकारी हाउस अरेस्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। बांग्लादेश आर्मी चीफ जनरल वकार उज जमान 6 अप्रैल से 11 अप्रैल तक रूस के दौरे पर हैं। इस बीच उनके देश में बड़ा खेल हो गया। दरअसल ढाका बांग्लादेश में छात्र आंदोलन में कथित भूमिका को लेकर बांग्लादेशी सेना के 5 अफसरों को नजरबंद कर दिया गया है। इसमें ब्रिगेडियर जनरल इमरान हामिद, RAB से कर्नल अब्दुल्ला अल-मोमेन, ब्रिगेडियर जकारिया हुसैन, BGB के लेफ्टिनेंट कर्नल मोहम्मद रिदवानुल इस्लाम और ईस्ट बंगाल रेजिमेंट से मेजर मोहम्मद नोमान अल फारुक शामिल हैं।

ढाका के कैंटोनमेंट में नजरबंद किया गया- बांग्लादेशी सेना के जिन अधिकारियों को नजरबंद किया गया है वह सेना के आला अफसर हैं। इन अफसरों पर छात्र आंदोलन में प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी का आदेश देने के आरोप लगाए गए हैं। सभी अधिकारियों को ढाका कैंटोनमेंट में नजरबंद कर दिया गया है। अफसरों पर अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में आरोप लगाए हैं। जनरल हामिद पूर्व पीएम शेख हसीना के एडीसी भी थे।

शेख हसीना पर भी लटक रही तलवार

बांग्लादेश की एक कोर्ट ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य लोगों के खिलाफ नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इन पर धोखाधड़ी के जरिए आवासीय जमीन हासिल करने का आरोप लगाया गया है।

सेना से मिले आवास में ही रहेंगे

नॉर्थ- ईस्ट न्यूज़ ने बांग्लादेशी सेना के उच्च पदस्थ सूत्रों के हवाले से बताया कि पांचों अधिकारियों को %ओपन अरेस्ट के तहत रखा गया है, जिसका मतलब है कि वे 24 घंटे की ÷निगरानी÷ के तहत अपने सेना की ओर से दिए गए आवासों में ही रहेंगे। उन्हें अपने नियमित कर्तव्यों का पालन करने से रोक दिया गया है।

# इजरायल के 1000 सैनिकों पर गिरेगी गाज, सख्त एक्शन लेने जा रहे नेतन्याहू

नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायली सेना में बगावत करने वालों पर अब गाज गिरेगी। इजरायल की सेना ने एक फैसला लिया कि आरक्षित सेना में ऐसा कोई सैनिक नौकरी नहीं करेगा, जिन्होंने इजरायल के गाजा पर हमले का विरोध किया था।

दरअसल, शुक्रवार को जारी एक बयान में सेना ने कहा कि यह एक्शन उन लोगों पर लिया जाएगा, जिन्होंने पत्र लिखे थे और कहा था कि इजरायली सरकार राजनीतिक फायदे के लिए लड़ रही है। पत्र में दावा किया गया था कि सरकार का प्रयास बंधकों वापस लाना नहीं है। इस पत्र के समर्थन में कई सैनिकों ने अपने हस्ताक्षर किए थे।





एक हजार से अधिक सैनिकों पर गिरेगी गाज- एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने बताया कि यह बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है कि कोई भी सेना के भीतर ही मतभेद पैदा करे। सैन्य अधिकार ने कहा कि यह एक ऐसा समय है कि हमें मिलकर लड़ना चाहिए। लड़ने के बजाय उलटे सवाल खड़ना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ऐसा करने से सैनिकों का मनोबल गिरता है।

इस मामले पर इजरायली सेना ने कहा कि हमने फैसला लिया ऐसा कोई भी आरक्षित सैनिक अब सर्विस नहीं करेगा, जिसने भी लेटर पर साइन किया हो। इस बीच ध्यान देने वाली बात ही कि सेना ने यह नहीं बताया कि इस एक्शन के कितने लोग शिकार हो सकते हैं। हालांकि, अभी तक की जानकारी के अनुसार, इजरायली सेना में शामिल 1000 एयरफोर्स रिजर्व सैनिकों और रिटायर जवानों ने ऐसे लेटर पर हस्ताक्षर किए थे। ये लेटर इजरायली मीडिया में गुरुवार को प्रकाशित हुआ था।

पत्र में क्या मांग की गई- गुरुवार को सामने आए इस पत्र में सेना के कुछ जवानों ने मांग करते हुए कहा कि इजरायली सरकार को बंधकों को वापस लाना चाहिए। पत्र में कहा गया कि भले ही बंधकों को छुड़ाने के लिए इस जंग को रोकना पड़े। ये पत्र ऐसे समय पर सामने आया है, जिस दिन जब इजरायल ने गाजा पर हमले काफी तेज कर दिए हैं। वहीं, इजरायल ने गाजा पट्टी के कई रास्तों को ब्लॉक भी कर दिया है। दावा है कि इन्हीं रास्तों के जरिए गाजा पट्टी में मदद

## तलाक की खबरों को लेकर मिशेल ओबामा ने तोड़ी चुप्पी




नई दिल्ली (एजेंसी)। बराक ओबामा से तलाक को लेकर अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने तलाक को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया है।

उन्होंने इस सप्ताह पॉडकास्ट वर्क इन प्रोग्रेस के एक एपिसोड में अभिनेत्री सोफिया बुश से बात करते हुए कहा, मैंने वह किया जो जो मेरे लिए सबसे अच्छा था, न कि वह जो मुझे करना चाहिए था। इस दौरान उन्होंने खुद को प्राथमिकता देने के महत्व पर बल दिया।

सार्वजनिक उपस्थिति कम होने की बात पर उन्होंने कहा कि लोग यह समझ ही नहीं पा रहे थे कि मैंने खुद के लिए कोई फैसला किया है, इसलिए लोग मानने लगे कि मैं और मेरे पति तलाक ले रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति जिमी कार्टर के अंतिम संस्कार और ट्रंप के शपथग्रहण समारोह में ओबामा के साथ मिशेल के नजर नहीं आने पर बराक और मिशेल के तलाक को लेकर अटकलों को बल मिला था।

लगभग एक घंटे के एपिसोड में ओबामा ने अफवाहों के बारे में विस्तार से नहीं बताया। इसके बजाय, उन्होंने अपने फैसले खुद लेने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, मैंने सीखा कि मैं वास्तव में केवल अपने आप पर ही नियंत्रण रख सकती हूं।

## हम भारत के साथ मिलकर..., मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण पर क्या बोला US?



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई आतंकी हमले 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा को कड़ी सुरक्षा के बीच अमेरिका से भारत लाया गया। इस बीच अमेरिका विदेश विभाग का बयान सामने आया है। अमेरिकी विभाग का कहना है, अमेरिका-भारत के साथ मिलकर आतंकवाद की वैश्विक समस्या से निपटने के लिए काम करना जारी रखेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवाद से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

एक प्रेस वार्ता के दौरान, अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि अमेरिका ने हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने के भारत की कोशिशों का लगातार समर्थन किया है।

उन्होंने राणा के प्रत्यर्पण पर गर्व व्यक्त किया। टैमी ब्रूस ने कहा कि अब वह भारत के कब्जे में है और 26/11 हमलों में शामिल होने के लिए उसे मुकदमा का सामना करना पड़ेगा।

# कभी न्यूयॉर्क में कंपनी का फैलाया साम्राज्य, अब उसी शहर में हेलीकॉप्टर क्रैश में गई जान



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी के न्यूयॉर्क शहर में गुरुवार को हुए हेलीकॉप्टर हादसे में सीमेंस कंपनी के सीईओ अगस्टिन एस्कोबार और उनके परिवार के सदस्यों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत कई लोगों ने इस घटना पर दुख जताया है।

एस्कोबार का परिवार बार्सिलोना में रहता था। जानकारी के मुताबिक, ये सभी न्यूयॉर्क में घूमने के लिए हेलीकॉप्टर से सफर कर रहे थे। हेलीकॉप्टर में एस्कोबार की पत्नी और उनके तीन बच्चे भी सवार थे। पालयट समेत इन सभी की मौत हो गई।

इंजीनियरिंग और एमबीए किया था- अगस्टिन एस्कोबार ने स्पेन के मैड्रिड स्थित पोंटिफ़िया कॉमिलास यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी। इसके बाद उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ अल्काला से एमबीए किया था। उन्होंने आईई बिजनेस स्कूल से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में एग्जीक्यूटिव एमबीए भी किया था।

एस्कोबार ने सीमेंस में 1998 में हेड ऑफ सेल्स एंड प्रोजेक्ट मैनेजमैंट के तौर पर काम शुरू किया था। समय के साथ उनकी जिम्मेदारियों बढ़ती गई और 27 साल में ही वह कंपनी के सीईओ बन गए। एस्कोबार ने कुछ समय तक न्यूयॉर्क में भी काम किया था।

बता दें कि न्यूयॉर्क शहर के फायर डिपार्टमेंट को दोपहर 3 बजे सूचना मिली कि बेल 306 हेलीकॉप्टर मैनहटन के पास हडसन नदी में गिर गया है। कुछ घंटों बाद मेयर एरिक एडम्स ने हेलीकॉप्टर में सवार पायलट सहित 6 लोगों की मौत की घोषणा कर दी।

# ट्रंप के आगे झुकने को तैयार नहीं चीन, अब अमेरिकी सामानों पर लगाया 125 फीसदी टैरिफ




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। डोनाल्ड ट्रंप ने भले ही कई देशों पर रेसीप्रोकल टैरिफ का एलान किया हो, लेकिन चीन उनके निशाने पर है। चीन भी मानने को तैयार नहीं है। वह भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाता जा रहा है।

आलम ये हो गया है कि अब चीन ने अमेरिकी सामानों पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान कर दिया है। चीन ने ये फैसला तब लिया है, जब बीते दिन डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर लगाए टैरिफ में 20 फीसदी का इजाफा करते हुए उसे 145 प्रतिशत कर दिया था।

चीन ने लोगों से की अपील- अमेरिकी टैरिफ से निपटने के लिए चीन सरकार विभिन्न उपायों में जुट गई है। अमेरिकी उत्पाद पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाने के अलावा सरकार ने वादा किया है कि वह अपने लोगों को अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित करके निर्यात को हुए नुकसान की भरपाई करेगी।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपुल्स डेली में प्रकाशित एक लेख में कहा गया कि चीन उपभोक्ता खर्च को आर्थिक विकास का आधार बनाएगा और एक बहुत बड़ा बाजार होने का लाभ उठाएगा। वाणिज्य मंत्रालय से संबद्ध एक संस्थान के शोधकर्ता झोउ मी ने कहा कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह एकीकृत है और उत्पादक उपभोक्ता भी हैं।

# अब ट्रंप ने डेथ मास्टर लिस्ट की तैयार, अवैध प्रवासियों पर गिरेगी गाज; देश छोड़ने के लिए होना पड़ेगा मजबूर



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन ने अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को खुद ही देश छोड़ने के लिए मजबूर करने की एक नई योजना बनाई है।

इस योजना के तहत ऐसे लोगों को सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन की ÷डेथ मास्टर लिस्ट÷ में शामिल किया जाएगा, जिसमें आमतौर पर मृत व्यक्तियों के नाम होते हैं। इससे इन प्रवासियों के सोशल सिक्योरिटी नंबर निष्क्रिय हो जाएंगे और वे सरकारी लाभों और वित्तीय सेवाओं से वंचित हो जाएंगे। यह जानकारी एक प्रशासनिक अधिकारी ने दी, जिन्होंने नाम उजागर न करने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया। यह योजना उन प्रवासियों पर लागू होगी जिन्हें बाइडेन प्रशासन के तहत अमेरिका में कानूनी रूप से अस्थायी दर्जा दिया गया था, लेकिन अब वह दर्जा रद कर दिया गया है।

सोशल सिक्योरिटी नंबर बंद होने से क्या होगा असर- सोशल सिक्योरिटी नंबर अमेरिका में टैक्स भरने और सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए जरूरी होता है। इसके बिना कोई व्यक्ति बैंक खाता नहीं खोल सकता, क्रेडिट कार्ड नहीं ले सकता और न ही कई अन्य जरूरी आर्थिक काम कर सकता है।

इस योजना का मकसद यह है कि अवैध रूप से रह रहे लोग जब खुद को पूरी तरह से आर्थिक रूप से कटे हुए पाएंगे, तो वे खुद ही अमेरिका छोड़ देंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना ट्रंप प्रशासन द्वारा संवेदनशील डाटा के इस्तेमाल को और बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है।

# कर्नाटक के इस मंदिर में प्री और पोस्ट-वेडिंग फोटोशूट पर लगा बैन, क्या है वजह?



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के उडुपी के श्री कृष्ण मठ मंदिर ने प्री-वेडिंग और पोस्ट-वेडिंग फोटोशूट के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। उडुपी श्री कृष्ण मठ के प्रशासन की देखरेख करने वाले पर्याय पुट्टीगे मठ ने धार्मिक स्थल की पवित्रता को बनाए रखने की चिंताओं का हवाला देते हुए मंदिर के रथबीड़ी (कार स्ट्रीट) परिसर में शादी से पहले और शादी के बाद वाले फोटोशूट पर बैन लगाने का एलान किया है।

यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब कर्नाटक और केरल के कपल ने शादी की फोटोग्राफी के लिए बैकग्राउंड के रूप में मंदिर के आसपास के क्षेत्र को चुनना शुरू कर दिया है।

क्यों लिया गया ये फैसला- मंदिर के अधिकारियों के अनुसार, सुबह-सुबह शूटिंग की बढ़ती संख्या की वजह से माहौल खराब हो रहा है।मंदिर के एक पदाधिकारी और वैदिक विद्वान प्रो. गोपालाचार्य ने इस मामले में कहा है, रथबीड़ी सिर्फ एक सार्वजनिक मार्ग नहीं है - यह एक पवित्र मार्ग है, जिस पर सदियों से संत, भक्त और अष्ट मठों के पुजारी आते रहे हैं।

धार्मिक माहौल होगा खराब - कृष्ण मंदिर परिसर को घेरने वाली कार स्ट्रीट, दैनिक अनुष्ठानों, धार्मिक जुलूसों और वार्षिक उत्सवों में एक केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि इसका आध्यात्मिक महत्व रोमांटिक फोटो सेशन के लिए बहुत कम जगह छोड़ता है, जिसे धार्मिक भावनाओं के प्रति अपमानजनक माना जा सकता है।

गोपालाचार्य ने स्पष्ट किया कि इस फैसला का उद्देश्य आगंतुकों या भक्तों को हतोत्साहित करना नहीं है, बल्कि उन गतिविधियों को रोकना है जो मंदिर द्वारा बनाए जाने वाले श्रद्धा के माहौल के साथ असंगत मानी जाती हैं।

## आंधी और बारिश से फसलों को भारी नुकसान, बिहार में 59 और यूपी में 14 मरे



नई दिल्ली (एजेंसी)। कई दिनों तक गर्मी से बुरी तरह झुलसाने के बाद मौसम में आया बदलाव कहर बनकर टूटा है। आंधी-बारिश के कारण बिहार में 59 और उत्तर प्रदेश में 25 लोगों की मौत हो गई। झारखंड में चार और हरियाणा व उत्तराखंड में दो-दो लोगों की मौत की खबर है। खेत में पानी भरने से फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है। मौसम का विमान सेवाओं पर भी असर पड़ा। पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली समेत एनसीआर तेज आंधी के साथ कहीं हल्की वर्षा हुई तो कहीं ओले भी पड़े। एक घंटे के भीतर तापमान छह से 10 डिग्री तक गिर गया। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी हिस्सों में भारी हिमपात तो निचले क्षेत्रों में वर्षा हुई।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 24 से 48 घंटे में मौसम बदलाव जारी रहेगा। कई जगहों पर तेज हवा चल सकती है और गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। पंजाब में शुक्रवार और शनिवार को तेज हवाएं चलने और वर्षा का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

बिहार में गुरुवार को वज्रपात व आंधी-पानी से पेड़, दीवार और कर्कट गिरने से 11 जिलों में 59 लोगों की जान गई है। इनमें सर्वाधिक नालंदा जिले में अलग-अलग 22 लोगों को जान गंवानी पड़ी है।

## तमिलनाडु में BJP और AIADMK साथ लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, अमित शाह ने किया गठबंधन का एलान



गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि AIADMK और भाजपा नेताओं ने फैसला किया है कि AIADMK, भाजपा और सभी गठबंधन दल तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव एनडीए के रूप में एक साथ लड़ेंगे।

नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। साल 2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच तमिलनाडु में बीजेपी और AIADMK ने आगामी विधानसभा चुनाव साथ में लड़ने का एलान किया है। दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बात बन गई है।

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने के. अन्नामलाई और एआईएडीएमके के एडप्पादी पलानीस्वामी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान केंद्रीय

क्या बोले अमित शाह- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि आने वाले दिनों में जो चुनाव होने वाला है, उसमें NDA फिर से प्रचंड बहुमत हासिल करेगा और तमिलनाडु में एक बार फिर NDA की सरकार बनेगी। उन्होंने डीएमके सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि NEET और परिसीमन का मुद्दा ये(विपक्ष) लोग ध्यान भटकाने के लिए खड़ा कर रहे हैं। एक प्रकार से AIADMK 1998 से NDA गठबंधन का हिस्सा है और लंबे समय तक मोदी जी और महान जयललिता जी ने साथ मिलकर राष्ट्रीय राजनीति में काम किया है।

# क्या हाफिज सईद भी लाया जाएगा भारत? तहव्वुर के बाद एजेंसियों को इन आतंकियों की तलाश



नई दिल्ली (एजेंसी)। 26/11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा भारत के शिकंजे में आ चुका है। करीब 17 साल पहले मुंबई में हुए आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा को कड़ी सजा मिलने की उम्मीद है। तहव्वुर राणा के भारत आते ही यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या मुंबई आतंकी हमले का सबसे बड़ा विलेन लश्कर-ए-तैयबा का चीफ हाफिज सईद भारत के शिकंजे में कब फंसेगा?

बीते साल दिसंबर में भारत ने पाकिस्तान से मांग की थी कि वह यूएन में नामित आतंकी सईद को उसे सौंप दे। भारतीय अफसरों ने इसके लिए सईद के मुंबई हमलों समेत आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में उसके भारत में वांछित होने का हवाला दिया था।

भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारत सरकार ने आतंकवादी हाफिज सईद को देश लाने के लिए पाकिस्तान से आधिकारिक तौर पर निवेदन किया है। हाफिज सईद को लेकर हम लगातार पाकिस्तान से शिकायत भी कर रहे हैं।

सईद भारत की कई एजेंसियों की वॉन्टेड लिस्ट में शामिल है। हालांकि आतंकियों को पोषित सुरक्षा देने वाले पाकिस्तान ने उसे भारत को सौंपने से इनकार कर दिया।पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहा हाफिज मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के चीफ को सात आतंकी वित्तपोषण मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद पाकिस्तान ने 78 साल की सजा सुनाई है। हालांकि, वो पाकिस्तान में खुला घूमता है। हाफिज की सजा महज पाकिस्तान का एक दुनिया को दिखावा है।

जकी-उर-रहमान - लश्कर-ए-तैयबा कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी 26/11 मुंबई हमलों का मास्टरमाइंड में से एक है। कुछ महीने पहले खबर सामने आई थी कि लखवी को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI ने उसे अंडरग्राउंड कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद पाकिस्तान में खुलेआम घूमता रहा है।

# अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार है तो, उसे..., सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसी को क्यों लगाई फटकार?



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी करते हुए नागरिक आपूर्ति निगम (एनएएन) घोटाला मामले को छत्तीसगढ़ से नई दिल्ली स्थानांतरित करने की एजेंसी की याचिका पर नाराजगी जताई। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय ओका और न्यामूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने एजेंसी से सवाल किया कि व्यक्तियों के लिए संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत रिट याचिका कैसे दायर की।

याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी- पीठ की टिप्पणी के बाद अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। इसके अलावा उन्होंने इस दौरान कहा कि जांच एजेंसी के पास भी मौलिक अधिकार है। इसपर पीठ ने हल्के अंदाज में कहा कि अगर ईडी के पास मौलिक अधिकार हैं, तो उसे लोगों के मौलिक अधिकारों के बारे में भी सोचना चाहिए। हालांकि, पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी।

जानिए पूरा प्रकरण- बता दें कि ईडी ने पिछले साल दावा किया था कि पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा ने छत्तीसगढ़ में मिली अग्रिम जमानत का दुरुपयोग किया है। इसके अलावा एजेंसी ने हाल में यह भी आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ के कुछ संवैधानिक पदाधिकारी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कुछ आरोपियों को न्यायिक राहत सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के संपर्क में थे। ईडी ने न केवल मामले को छत्तीसगढ़ से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की थी, बल्कि कुछ हाई-प्रोफाइल आरोपियों की अग्रिम जमानत रद्द करने की भी मांग की थी

नागरिक आपूर्ति निगम घोटाला क्या है- गौरतलब है कि वर्ष 2019 में प्रवर्तन निदेशालय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा नागरिक आपूर्ति घोटाले में दर्ज एफआईआर और चार्जशीट के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की थी।

# प्यार का हवाला और 91 साल के बुजुर्ग को मिल गई जमानत, कोर्ट में गूंजी कविता




नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल में एक 91 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 88 साल की पत्नी पर चाकू से हमला किया था। इस मामले में आरोपी थेवन को केरल हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। दरअसल, थेवन की पत्नी कुंजली ने उसकी वफादारी पर शक जताया था, जिससे नाराज होकर बुजुर्ग व्यक्ति ने पत्नी पर हमला कर दिया था।

थेवन पर पत्नी ने क्या आरोप लगाए थे- थेवन के अनुसार, उसकी पत्नी कुंजली ने उस पर अन्य महिलाओं के साथ संबंध रखने का आरोप लगाया था। इन आरोपों की वजह से बुजुर्ग व्यक्ति अपमानित और निराशा महसूस कर रहा था। 21 मार्च को दोनों के बीच काफी ज्यादा लड़ाई हुई, जिसके बाद थेवन ने कुंजली पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

इस घटना के बाद आरोपी बुजुर्ग व्यक्ति को उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था और तब से वो न्यायिक हिरासत में था। आरोपी थेवन द्वारा दायर जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन ने कानूनी तर्कों पर ध्यान दिया और थेवन को जमानत दे दी।

जज ने सुनाया अपना फैसला- न्यायमूर्ति ने 10 अप्रैल को इस मामले पर सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा, मैं इस पर और कोई चर्चा नहीं करना चाहता। 91 वर्षीय थेवन को बुढ़ापे में अपनी 88 वर्षीय पत्नी कुंजली के साथ खुशी-खुशी रहने दें।

91 वर्षीय थेवन को मानक शर्तों के साथ जमानत देते हुए अदालत ने कहा कि थेवन को पता होना चाहिए कि बुढ़ापे में उसकी एकमात्र ताकत उसकी 88 वर्षीय पत्नी कुंजली होगी और कुंजली को भी यह सोचना चाहिए कि उसकी एकमात्र ताकत 91 वर्षीय थेवन ही होगा।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।

विक्रम संवत 2079 शुक्ल पूर्णिमा



## संपादकीय

# इन 5 दशकों में भाजपा भारत की राजनीति में केंद्र बिंदु बन गई है....



भाजपा की राजनीतिक यात्रा 1980 से प्रारंभ होकर 45 वर्ष की हो रही है इन वर्षों में भाजपा ने एक राजनीतिक दल के रूप में सरकार में हो या विपक्ष में राजनीति में ट्रेंड सेट करने का कार्य किया है। इन 5 दशकों में भाजपा भारत की राजनीति में केंद्र बिंदु बन गई है। भाजपा पहली ऐसी देशज पार्टी है जिसने राजनीति के अपने मानदंड स्थापित किए हैं। राजनीतिक दल के रूप में उसकी अपनी एक विशिष्ट कार्य पद्धति है। जब कांग्रेस ही राजनीति का पर्यायवाची बन चुकी थी तब राजनीति के ताने-बाने को नए सिरे से बुनने फिर उसे स्थापित करने का कार्य भाजपा ने किया है। भारत की राजनीति में भाजपा द्वारा आमूलचूल परिवर्तन लाने का कार्य लगातार जारी है।

भारतीय जनता पार्टी के लिए भारत माता की जय यह मात्र कोई नारा नहीं है बल्कि यह हमारे कार्य की प्रेरणा है। भारत की जय हो विजय हो। एक वैभवशाली, समृद्धिशाली, सक्षम और समर्थ भारत का निर्माण राजनीति के माध्यम से करने के लिए भारतीय जनता पार्टी जुटी है। भारत की राजनीति में आज यह विचार केंद्र बिंदु बन चुका है।

अब सेना के द्वारा जीते हुए युद्ध, भारत टेबल पर नहीं हारता। भारत की नीति और निर्णय भारत की आवश्यकता के अनुसार भारत का नेतृत्व तय करता है, किसी विदेशी शक्ति से संचालित नहीं होता। किसी परिवार के हित के लिए नहीं बल्कि राष्ट्र के हित के लिए जो उचित और उपयुक्त है वही निर्णय लिया जाता है। भाजपा के इस भाव को जनता ने आत्मसात किया है क्योंकि यह जनता अर्थात पूरे देश की ही भावना की अभिव्यक्ति भाजपा की है।

जम्मू कश्मीर में धारा 370 एवं 35 की समाप्ति, पूर्वोत्तर राज्यों का लगातार विकास और देश की मुख्य धारा से जुड़े रखने का प्रयास, आतंकवादी और अलगाववादी सगठनों पर कानूनी शिकंजा, नक्सलवाद की समाप्ति की ओर तेजी से बढ़ते कदम भाजपा की विशेषता बन गए हैं।

टुकड़े-टुकड़े गैंग जो षडयंत्र पूर्वक देश को बांटना चाहती है और उनको राजनीतिक संरक्षण देने का कार्य कुछ दल करते हैं। उन दलों से सामना करना हमारा राजनीतिक ही नहीं बल्कि एक नागरिक कर्तव्य भी है। भाजपा लगातार जनता को जागृत कर रही है यही कारण है भारत की एकता, अखंड़ता और संप्रभुता को चुनौती देने वाले व्यक्ति या संगठन और उन्हें राजनीतिक रूप से पालने पहुंचने वाले दल आज लगातार जनता द्वारा नकारे जा रहे हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा पहला कर्तव्य- भारतीय जनता पार्टी ने एक राजनीतिक दल के तौर पर भी और सरकार में आने पर भी सदैव राष्ट्रीय सुरक्षा अपना पहला कर्तव्य माना है। भारत की सीमाओं की सुरक्षा ही नहीं बल्कि हर आक्रमण का प्रतिकार तत्परता से और जोरदार ढंग से किया। जिन पड़ोसी देशों ने भारत की अखंड़ता को आघात पहुंचाने की चेष्टा की उसका उससे ज्यादा ही वेग से उत्तर दिया। आज का भारत घर में घुस कर मारने वाला भारत बना है। चीन की सीमा पर भारत की सेना मोर्चे पर डटी है, देश की रक्षा कर रही है। हमारी सरकार ने सेना की सहायता के लिए सड़क,पुल पुलिया तेजी से बनाए हैं। जो आजादी के बाद सेना की मांग पर भी कांग्रेस की सरकारों ने नहीं बनाए। सर्जिकल स्ट्राइक एयर स्ट्राइक के माध्यम से पाकिस्तान को करारा जवाब हमारी सेना ने दिया है। सीमा पर बसे गांव हो या हमारी सेना के जवान भारत सरकार और भाजपा ने सदा ही उनके सम्मान और समृद्धि की चिंता की है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि स्वतंत्रता के साथ ही भारत ने विभाजन की विभीषिका, नरसंहार ही नहीं झेला बल्कि कांग्रेस के कार्यकाल में स्वतंत्र भारत की एक लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा भारत भूमि दूसरे देशों के कब्जे में हो गई।

# हनुमान जन्मोत्सव



हनुमान वानरों के राजा केसरी और उनकी पत्नी अंजना के छः पुत्रों में सबसे बड़े और पहले पुत्र हैं। रामायण के अनुसार वे जानकी के अत्यधिक प्रिय हैं। इस धरा पर आठ चिरंजीवी हैं उनमें से सात को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं तथा एक को श्राप के कारण अमरत्व मिला। हनुमान जी का अवतार भगवान राम की सहायता के लिये हुआ। हनुमान जी के पराक्रम की असंख्य गाथाएँ प्रचलित हैं। इन्होंने जिस तरह से ज्योतिषीयों के सटीक गणना के अनुसार हनुमान जी का जन्म 85 लाख 58 हजार 112 वर्ष पहले त्रेतायुग के अन्तिम चरण में चैत्र पूर्णिमा को मंगलवार के दिन चित्रा नक्षत्र व मेष लग्न के योग में सुबह 6.03 बजे भारत देश में आज के हरियाणा राज्य के कैथल जिले में हुआ था जिसे पहले कपिस्थल कहा जाता था।

इन्हें बजरंगबली के रूप में जाना जाता है क्योंकि इनका शरीर एक वज्र की तरह है। वे पवन-पुत्र के रूप में जाने जाते हैं। वायु अथवा पवन (हवा के देवता) ने हनुमान को पालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मारुत (संस्कृत- मरुत्) का अर्थ हवा है। नन्दन का अर्थ बेटा है। हिन्दू पौराणिक कथाओं के अनुसार हनुमान मारुति अर्थात मारुत-नन्दन ( वायु का बेटे) हैं।

बाल्यकाल, शिक्षा एवँ श्राप- हनुमान जी के धर्म पिता वायु थे, इसी कारण उन्हे पवन पुत्र के नाम से भी जाना जाता है। बचपन से ही दिव्य होने के साथ साथ उनके अन्दर असीमित शक्तियों का भण्डार था।

इनके जन्म के पश्चात् एक दिन वे उदय होते हुए सूर्य को फल समझकर उसे खाने के लिए उसकी ओर जाने लगे थे।

हनुमान जी बालपन मे बहुत नटखट थे, वो अपने इस स्वभाव से साधु-संतों को सता देते थे। बहुधा वो उनकी पूजा सामग्री और आदि कई वस्तुओं को छीन-झपट लेते थे। उनके इस नटखट स्वभाव से रुष्ट होकर साधुओं ने उन्हें अपनी शक्तियों को भूल जाने का एक लघु शाप दे दिया। इस शाप के प्रभाव से हनुमान अपनी सब शक्तियों को अस्थाई रूप से भूल जाते थे और पुनः किसी अन्य के स्मरण कराने पर ही उन्हें अपनी असीमित शक्तियों का स्मरण होता था। ऐसा माना जाता है कि अगर हनुमान शाप रहित होते तो रामायण में राम-रावण युद्ध का स्वरूप पृथक(भिन्न, न्यारा) ही होता। कदाचित वो स्वयं ही रावण सहित सम्पूर्ण लंका को समाप्त कर देते।

हनुमानजी के जीवन की प्रमुख घटनाएं

रामायण के सुन्दर-काण्ड में हनुमान जी के साहस और देवाधीन कर्म का वर्णन किया गया है। हनुमानजी की भेंट रामजी से उनके वनवास के समय तब हुई जब रामजी अपने भ्राता लछ्मन के साथ अपनी पत्नी सीता की खोज कर रहे थे। सीता माता को लंकापति रावण छ्ल से हरण करके ले गया था। सीताजी को खोजते हुए दोनो भ्राता ऋषिमुख पर्वत के समीप पँहुच गये जहाँ सुग्रीव अपने अनुयाईयों के साथ अपने ज्येष्ठ भ्राता बाली से छिपकर रहते थे। वानर-राज बाली ने अपने छोटे भ्राता सुग्रीव को एक गम्भीर मिथ्याबोध के चलते अपने साम्राज्य से बाहर निकाल दिया था और वो किसी भी तरह से सुग्रीव के तर्क को सुनने के लिये तैयार नहीं था। साथ ही बाली ने सुग्रीव की पत्नी को भी अपने पास बलपूर्वक रखा हुआ था। राम और लछ्मण को आता देख सुग्रीव ने हनुमान को उनका परिचय जानने के लिये भेजा। हनुमान् एक ब्राह्मण के वेश में उनके समीप गये। हनुमान के मुख़ से प्रथम शब्द सुनते ही श्रीराम ने लछ्मण से कहा कि कोई भी बिना वेद-पुराण को जाने ऐसा नहीं बोल सकता जैसा इस ब्राह्मण ने बोला। रामजी को उस ब्राह्मण के मुख, नेत्र, माथा, भौंह या अन्य किसी भी शारीरिक संरचना से कुछ भी मिथ्या प्रतीत नहीं हुआ। रामजी ने लछ्मण से कहा कि इस ब्राह्मण के मन्त्रमुग्ध उच्चारण को सुनके तो शत्रु भी अस्त्र त्याग देगा। उन्होंने ब्राह्मण की और प्रसन्नसा करते हुए कहा कि वो नरेश(राजा) निःसंकोच ही सफ़ल होगा जिसके पास ऐसा गुप्तचर होगा। श्रीराम के मुख़ से इन सब बातों को सुनकर हनुमानजी ने अपना वास्तविक रूप धारण किया और श्रीराम के चरणों में नतमष्तक हो गये। श्रीरम ने उन्हें उठाकर अपने ह्र्दय से लगा लिया। उसी दिन एक् भक्त और भगवान का हनुमान और प्रभु राम के रूप मे अटूट और अनश्वर मिलन हुआ। ततपश्चात हनुमान ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवाई। इसके पश्चात ही श्रीराम ने बाली को मारकर सुग्रीव को उनका सम्मान और गौरव वापस दिलाया और लंका युद्ध में सुग्रीव ने अपनी वानर सेना के साथ श्रीराम का सहयोग दिया। सीता माता की खोज में वानरों का एक दल दक्षिण तट पे पँहुच गया। मगर इतने विशाल सागर को लांघने का साहस किसी में भी नहीं था। स्वयं हनुमान भी बहुत चिन्तित थे कि कैसे इस समस्या का समाधान निकाला जाये। उसी समय जामवन्त और बाकी अन्य वानरों ने हनुमान को उनकी अदभुत शक्तियों का स्मरण कराया। अपनी शक्तियों का स्मरण होते ही हनुमान ने अपना रूप विस्तार किया और पवन-वेग से सागर को तैरकर पार करने लगे। रास्ते में उन्हें एक पर्वत मिला और उसने हनुमान से कहा कि उनके पिता का उसके ऊपर ॠण है, साथ ही उस पर्वत ने हनुमान से थोड़ा विश्राम करने का भी आग्रह किया मगर हनुमान ने किन्चित मात्र भी समय व्यर्थ ना करते हुए पर्वतराज को धन्यवाद किया और आगे बढ़ चले। आगे चलकर उन्हें एक राक्षसी मिली जिसने कि उन्हें अपने मुख में घुसने की चुनौती दी, परिणामस्वरूप हनुमान ने उस राक्षसी की चुनौती को स्वीकार किया और बड़ी ही चतुराई से अति लघुरूप धारण करके राक्षसी के मुख में प्रवेश करके बाहर आ गये। अंत में उस राक्षसी ने संकोचपूर्वक ये स्वीकार किया कि वो उनकी बुद्धिमता की परीक्षा ले रही थी।

आखिरकार हनुमान सागर पार करके लंका पँहुचे और लंका की शोभा और सुनदरता को देखकर आश्चर्यचकित रह गये। और उनके मन में इस बात का दुःख भी हुआ कि यदी रावण नहीं माना तो इतनी सुन्दर लंका का सर्वनाश हो जायेगा। ततपश्चात हनुमान ने अशोक-वाटिका में सीतजी को देखा और उनको अपना परिचय बताया। साथ ही उन्होंने माता सीता को सांत्वना दी और साथ ही वापस प्रभु श्रीराम के पास साथ चलने का आग्रह भी किया। मगर माता सीता ने ये कहकर अस्वीकार कर दिया कि ऐसा होने पर श्रीराम के पुरुषार्थ् को ठेस पँहुचेगी। हनुमान ने माता सीता को प्रभु श्रीराम के सन्देश का ऐसे वर्णन किया जैसे कोई महान ज्ञानी लोगों को ईश्वर की महानता के बारे में बताता है।

माता सीता से मिलने के पश्चात, हनुमान प्रतिशोध लेने के लिये लंका को तहस-नहस करने लगे। उनको बंदी बनाने के लिये रावण पुत्र मेघनाद(इन्द्रजीत) ने ब्रम्हास्त्र का प्रयोग किया। ब्रम्हमा जी का सम्मान करते हुए हनुमान ने स्वयं को ब्रम्हास्त्र के बन्धन मे बन्धने दिया। साथ ही उन्होंने विचार किया कि इस अवसर का लाभ उठाकर वो लंका के विख्यात रावण से मिल भी लेंगे और उसकी शक्ति का अनुमान भी लगा लेंगे। इन्हीं सब बातों को सोचकर हनुमान ने स्वयं को रावण के समक्ष बंदी बनकर उपस्थित होने दिया। जब उन्हे रावण के समक्ष लाया गया तो उन्होंने रावण को प्रभु श्रीराम का चेतावनी भरा सन्देश सुनाया और साथ ही ये भी कहा कि यदि रावण माता सीता को आदर-पूर्वक प्रभु श्रीराम को लौटा देगा तो प्रभु उसे क्षमा कर देंगे।

क्रोध मे आकर रावण ने हनुमान को मृत्यु दण्ड देने का आदेश दिया मगर रावण के छोटे भाई विभीषण ने ये कहकर बीच-बचाव किया कि एक दूत को मारना आचारसंहिता के विपरीत है। ये सुनकर रावण ने हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश दिय। जब रावण के सैनिक हनुमान की पूंछ मे कपड़ा लपेट रहे थे तब हनुमान ने अपनी पूंछ को खूब लम्बा कर लिया और सैनिकों को कुछ समय तक परेशान करने के पश्चात पूंछ मे आग लगाने का अवसर दे दिया। पूंछ मे आग लगते ही हनुमान ने बन्धनमुक्त होके लंका को जलाना शुरु कर दिया और अंत मे पूंछ मे लगी आग को समुद्र मे बुझा कर वापस प्रभु श्रीराम के पास आ गये। लंका युद्ध में जब लछ्मण मूर्छित हो गये थे तब हनुमान जी को ही द्रोणागिरी पर्वत पर से संजीवनी बूटी लाने भेजा गया मगर वो बूटी को भली-भांती पहचान नहीं पाये, और पुनः अपने पराक्रम का परिचय देते हुए वो पूरा द्रोणागिरी पर्वत ही रण-भूमि में उठा लाये और परिणामस्वरूप लछ्मण के प्राण की रक्षा की। भावुक होकर श्रीराम ने हनुमान को ह्र्दय से लगा लिया और बोले कि हनुमान तुम मुझे भ्राता भरत की भांति ही प्रिय हो।

# राशन कार्ड बना या नहीं, इन आसान स्टेप्स से ऑनलाइन करें चेक




नई दिल्ली (एजेंसी)। राशन कार्ड का काम सिर्फ मुफ्त या कम पैसों में राशन प्रदान करना नहीं है, बल्कि ये आपके पहचान से भी जुड़ा हुआ है। कई सरकारी योजनाओं या जरूरी कामों के लिए राशन कार्ड की जरूरत पड़ती है।

अगर आपने भी हाल ही में राशन कार्ड के लिए अप्लाई किया है। वहीं जानना चाहते हैं कि आपका कार्ड कब तक बनकर तैयार हो जाएगा। तो इसे घर बैठे ही ऑनलाइन चेक किया जा सकता है।

ऑनलाइन कैसे करें राशन कार्ड स्टेटस चेक- राशन कार्ड स्टेटस चेक करने के लिए आप सरकारी वेबसाइट एनएफएसए पर जाकर चेक कर सकते हैं। इसके अलावा आप राज्य की विशेष वेबसाइट पर जाकर भी चेक कर सकते हैं। इसके साथ ही अगर आपने जानकारी दर्ज करने में कोई गलती की है, तो इसे भी ठीक किया जा सकता है।

स्टेप बाय स्टेप प्रोसेस - स्टेप 1- सबसे पहले आपको National Food Security Portal पर जाना होगा।

स्टेप 2- इसके बाद यहां आपको Citizen का एक ऑप्शन दिया जाएगा। स्टेप 3- इस पर क्लिक कर, know your Ration Card status पर टेप करें।

स्टेप 4- इसके बाद आपको राशन कार्ड नंबर दर्ज कर, Serach Expression पर क्लिक करना होगा।

स्टेप 5- फिर कैप्चा कोड दर्ज कर, Get RC Details पर क्लिक करना होगा।

जिसके बाद आपको राशन कार्ड से जुड़ी डिटेल्स स्क्रीन पर दिख जाएगी।

इसके अलावा अगर आप किसी राज्य की वेबसाइट पर जाकर राशन कार्ड स्टेटस चेक करना चाहते हैं, तो नीचे दिए स्टेप्स को फॉलो करें।

राज्य सरकार की वेबसाइट में ऐसे करें स्टेटस चेक

स्टेप 1- सबसे पहले आपको Food, Civil Supplies और Consumer Affairs इनमें से

किसी की वेबसाइट पर जाना होगा।

स्टेप 2- यहां आपको सर्विस ऑप्शन दिखाई देगा।

स्टेप 3- जिसके बाद दिए गए Ration Card Status ऑप्शन पर क्लिक करें।

स्टेप 4- फिर जो भी राशन कार्ड नंबर मिला होगा, इसे दर्ज करें।

स्टेप 5- इसके बाद आपको राशन कार्ड स्टेटस स्क्रीन में ही दिख जाएगा।

## 8 के शेयर ने पकड़ी बुलेट ट्रेन सी रफ्तार, इंडियन ऑयल से मिला है बड़ा ऑर्डर



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार एक बार फिर से रिकवरी के ट्रैक पर दौड़ रहा है। इस माहौल के बीच कुछ पेनी कंपनियों के शेयर को खरीदने की लूट मच गई। ऐसा ही एक शेयर गुजरात की कंपनी- आकाश एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड का है। इस कंपनी के शेयर की पिछली क्लोजिंग 7.97 रुपये की थी, जो शुक्रवार को ट्रेडिंग के दौरान 7 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ 9.13 रुपये पर पहुंच गई। शेयर की क्लोजिंग 6.65त्न बढ़त के साथ 8.50 रुपये पर हुई। शेयर में यह तेजी कंपनी को मिले एक ऑर्डर की वजह से आई। जुलाई 2024 में यह शेयर 17.15 रुपये तक पहुंच गया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। मार्च 2025 में शेयर की कीमत 7.30 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है।

आकाश एक्सप्लोरेशन सर्विसेज लिमिटेड को भारतीय महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडियन ऑयल से 29 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। इसके तहत हाई प्रेशर वाले मोबाइल बॉयलर उपलब्ध कराने के लिए सर्विसेज किराए पर लेने का ऑर्डर दिया गया है। इस ऑर्डर को 2 साल की अवधि के भीतर पूरा किया जाना है।

आकाश एक्सप्लोरेशन की शेयरहोल्डिंग की बात करें तो मार्च तक प्रमोटर्स के पास 66.54 फीसदी हिस्सेदारी है। पब्लिक शेयरहोल्डिंग 33.46 फीसदी की है।

## सोने की कीमत ने बनाया नया रिकॉर्ड, 90 हजार पार हुआ 24 कैरेट सोना




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में सोने सिर्फ निवेश का साधन नहीं है। बल्कि इससे निवेशकों की भावनाएं भी जुड़ी रहती है। अगर आप हाल ही में सोना से बना आभूषण खरीदने का प्लान कर रहे हैं। तो ये खबर आपके लिए बड़े काम की हो सकती है।

गोल्ड ने एक बार फिर अपना रिकॉर्ड हाई बनाया है। एमसीएक्स (मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) अभी सुबह 11.20 बजे 24 कैरेट सोने का दाम 92,463 प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं कुछ समय पहले इसने अपना रिकॉर्ड हाई बनाया था। उस समय 24 कैरेट सोने की कीमत 93,736 रुपये प्रति 10 ग्राम है।

वहीं चांदी भी अपने हाई रिकॉर्ड में चल रही है। अभी सुबह 11.23 बजे 10 ग्राम का चांदी की कीमत 92,000 रुपये चल रही है। चांदी ने अब तक 92,132 प्रति 10 ग्राम रिकॉर्ड हाई बनाया है।सोने और चांदी दोनों ही कॉमिडिटी की कीमत एमसीएक्स से ली गई है।

क्या सोने की कीमत बढ़ने का कारण - 9 अप्रैल बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ में रोक लगाने की घोषणा की थी। 2 अप्रैल देर रात ट्रंप ने भारत समेत कई बड़े देशों पर टैरिफ का ऐलान किया था। अमेरिका ने भारत से आए निर्यात पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया था।

हालांकि 9 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ने ये घोषणा की टैरिफ में 90 दिन का रोकथाम लगाया जा रहा है। हालांकि इसमें चीन शामिल नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाने का ऐलान किया है।

इस खबर के बाद से दुनिया भर अर्थव्यवस्था और ज्यादा अस्थिरता देखने को मिल रही है। कई विदेशी शेयर बाजारों में बिकवाली का मौहाल है। इनमें अमेरिकी स्टॉक मार्केट भी शामिल है।

## 600 रुपये तक जा सकते हैं इस छोटे बैंक के शेयर, एक्सपर्ट बोले- खरीदो शेयर, 35% चढ़ सकता है दाम




नई दिल्ली (एजेंसी)। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर शुक्रवार को क्क्स्श्व में 2.53 पर्सेंट चढ़कर 453.50 रुपये पर बंद हुए हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है। ब्रोकरेज हाउस नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने जना स्मॉल फाइनेंस बैंक का कवरेज शुरू किया है। ब्रोकरेज हाउस ने स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 760.85 रुपये है। वहीं, बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 364 रुपये है।

600 रुपये का दिया है टारगेट- ब्रोकरेज हाउस नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयरों के लिए 600 रुपये का टारगेट दिया है। यानी, 9 अप्रैल 2025 के क्लोजिंग लेवल 442.45 रुपये से स्मॉल फाइनेंस बैंक के शेयर 35 पर्सेंट उछल सकते हैं। ब्रोकरेज हाउस नुवामा के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2025 में चुनौतीपूर्ण मार्केट कंडीशंस के बावजूद बैंक की एसेट क्वॉलिटी स्टेबल रही। इसकी वजह सिक्योर्ड लेंडिंग की तरफ बैंक का रुझान रहा। ब्रोकरेज हाउस का कहना है, हमारा मानना है कि वित्त वर्ष 24 से 27श्व के दौरान बैंक की ग्रॉस लोन बुक 21 पर्सेंट सीएजीआर के हिसाब से बढ़ेगी।

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक का आईपीओ पिछले साल 7 फरवरी को खुला था और यह 9 फरवरी तक ओपन रहा।

## FD में करना चाहते हैं निवेश? ये बैंक दे रहे हैं 3 साल की एफडी में सबसे ज्यादा रिटर्न

नई दिल्ली (एजेंसी)। फिक्स्ड डिपॉजिट पारंपरिक सुरक्षित निवेश प्लेटफॉर्म है। निवेशक सादियों से एफडी में निवेश कर रहे हैं। अगर आप एफडी में पैसे जमा करने का प्लान कर रहे हैं। तो ये आर्टिकल आपके लिए बड़े काम का होने वाला है।

आज हम ऐसे बैंकों की बात करेंगे, जिसमें तीन साल की एफडी पर सबसे ज्यादा रिटर्न मिल जाता है। हालांकि इन बैंकों में मिलने वाला ब्याज दर में और इजाफा आ सकता है। क्योंकि हाल ही में आरबीआई ने अपने एमपीसी मीटिंग के तहत रेपो रेट में कटौती करने का फैसला किया है।

रेपो रेट में हुई कटौती का असर फिक्स्ड डिपॉजिट के फ्लोटिंग रेट और लोन के ब्याज दरों में देखने को मिल सकता है। एफडी में




कुछ दिनों से लेकर कई सालों तक निवेश किया जा सकता है। नीचे बताए गए सभी एफडी की अवधि 3 साल की है।

ये बैंक ऑफर कर रहे हैं सबसे ज्यादा ब्याज - बैंक ऑफ बड़ौदा- बैंक ऑफ बड़ौदा तीन साल की एफडी में 7.15 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रहे हैं। वहीं सीनियर सिटीजन को एफडी में 7.65 फीसदी रिटर्न मिल जाता है।

आईसीआईसीआई बैंक- अगर आपका ICICI बैंक में अकाउंट है, तो इसके तीन साल एफडी पर आपको 7 फीसदी तक रिटर्न मिल जाता है। वहीं सीनियर सिटीजन को ये बैंक 7.5 फीसदी तक रिटर्न ऑफर कर देता है।

कोटक महिंद्रा बैंक- कोटक महिंद्रा बैंक भी ICICI बैंक की तरह तीन साल की एफडी पर 7 फीसदी रिटर्न ऑफर कर रहे हैं। इसके साथ ही सीनियर सिटीजन खाता धारकों को बैंक 7.5 फीसदी रिटर्न दे रही है।

एचडीएफसी बैंक- देश की दिग्गज प्राइवेट बैंक, एचडीएफसी तीन साल की एफडी में 7 फीसदी ब्याज ऑफर कर रहे हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन को 7.5 फीसदी तक रिटर्न दिया जा रहा है।

आईडीएफसी बैंक- आईडीएफसी बैंक हालांकि ऊपर बताए गए बैंकों में से कम ब्याज दर ऑफर कर रही है। ये बैंक तीन साल की एफडी में 6.8 फीसदी तक रिटर्न देती है। इसके अलावा सीनियर सिटीजन को इसमें 7.3 फीसदी का ब्याज ऑफर किया जा रहा है।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया- देश की दिग्गज सरकारी बैंक एसबीआई यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भी इस लिस्ट में शामिल हैं। ये बैंक तीन साल की एफडी में 6.75 फीसदी ब्याज दर ऑफर कर रही है। इसके साथ ही सीनियर सिटीजन को इसमें 7.25 फीसदी रिटर्न मिल जाता है।

## कब-कब बंद हो सकता है आपका डीमैट खाता, क्या है इसे लेकर नियम?




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में किसी भी तरह की ट्रेडिंग करने के लिए डीमैट अकाउंट की जरूरत पड़ती है। इसके बिना आप शेयर बाजार के मुख्य इंडेक्स जैसे बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में खरीदारी या बिकवाली नहीं कर पाएंगे।

आप किसी भी ब्रोकरेज ऐप की सहायता से डीमैट खाता आसानी से खोल सकते हैं।

मौजूदा समय में, zeordha और Groww निवेशकों के बीच काफी पॉपुलर है। इनके अलावा भी मार्केट में कई ब्रोकरेज ऐप अवेलेबल है।

कई बार ऐसा भी हो जाता है कि किसी कारण के चलते हम लंबे समय से डीमैट खाते का उपयोग नहीं कर पाते। इससे किसी भी तरह की ट्रेडिंग नहीं करते। ऐसे में हमारे मन में सवाल आता है कि क्या हमारा डीमैट खाता बंद हो गया है।

आज हम जानेंगे कि सेबी ने डीमैट खाते को लेकर क्या-क्या नियम निर्धारित किए हैं।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# 500 के ट्रैफिक चालान के भरने पड़ रहे 1500 रुपये, क्योंकि एसएमएस से ही पहुंच रही सूचना

ग्वालियर । स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) को नेशनल इंफार्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) से जुड़े हुए नौ माह का समय बीत चुका है, लेकिन अब भी ट्रैफिक उल्लंघन के कारण हुए चालान के सिस्टम को इतना अपडेट नहीं किया गया है कि लोग आसानी से जुर्माने की राशि जमा कर सकें।

एक बार चालान हो जाने पर कोई सुपर हाइटेक आदमी ही जुर्माने की राशि जमा कर सकता है। चालान हो जाने की सूचना भी सिर्फ एक माध्यम एसएमएस के जरिए ही लोगों को मिल रही है और कई लोगों के पास तो एसएमएस भी नहीं पहुंच रहे हैं। कोर्ट में भेज दिए जाते हैं चालान

यही कारण है कि 15 दिन के बाद थोक में चालान उठाकर जिला न्यायालय भेजे जा रहे हैं। जिसके बाद न्यायालय में 500 के चालान के 1500 रुपये भरने पड़ रहे हैं, जिसका पूरा बोझ लोगों पर ही पड़ रहा है। आईटीएमएस को गत आठ जुलाई 2024 को एनआईसी से जोड़ा गया था।

एक लाख से ज्यादा वाहनों के चालान

लिंक होने के बाद एक लाख छह हजार 946 वाहनों के चालान हुए, जिनकी कुल राशि चार करोड 78 लाख 10 हजार 200 रुपये है, लेकिन सिस्टम की पेचीदगियों के कारण सिर्फ 4373 लोग ही जुर्माने की राशि 2435000 रुपये जमा कर पाए। इसके अलावा भी कई तकनीकी दिक्कतों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब आईटीएमएस को एनआईसी से नहीं जोड़ा गया था, उस समय पर जो चालान जनरेट किए जाते थे, उनकी मूल प्रति डाक से भेजने के साथ ही वॉट्सएप, एसएमएस और कई बार फोन काल के जरिए सूचना दी जाती थी।



एसएमएस पर लोग ध्यान नहीं दे पाते

अब एनआईसी से जब एसएमएस आता है, तो कई बार लोग ध्यान नहीं दे पाते हैं और उन्हें चालान की मूल रकम से ज्यादा जुर्माना चुकाना पड़ रहा है। इसका कारण है कि न्यायालय में चालान पहुंचने के बाद जुर्माने की रकम दिन बीतने के साथ ही बढ़ती चली जाती है। वहीं लंबे समय तक चालान जमा ना करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई का खतरा भी पैदा हो जाता है। मोबाइल नंबर की भी समस्या

परिवहन विभाग की वर्तमान प्रक्रिया के दौरान वाहन के रजिस्ट्रेशन के समय मोबाइल नंबर अनिवार्य कर दिया गया है, लेकिन कुछ वर्षों पहले तक ऐसा नहीं था। इसके चलते कई बार दलालों द्वारा वाहनों के रजिस्ट्रेशन के दौरान कोई भी मोबाइल नंबर भर दिया जाता था।

अब समस्या यह है कि वाहन का चालान तो आईटीएमएस के जरिए हो रहा है, लेकिन मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण लोगों को सूचना नहीं मिल पा रही है।

इसके अलावा जब ऑनलाइन चालान जमा करने के लिए का सहारा लिया जाता है, तो उसमें वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर और कैप्चा कोड डालने के बाद मोबाइल पर ओटीपी आता है। मोबाइल नंबर यदि अपडेट नहीं है, तो फिर चालान भी नहीं खुल सकेगा।

आईटीएमएस ने भी दिए हैं सुझाव

स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन के आईटीएमएस प्रबंधन ने भी इन जटिलताओं का जिक्र करते हुए एनआइसी को प्रक्रिया को सरल करने के सुझाव भेजे हैं। एनआईसी के अधिकारियों के संज्ञान में भी ये सारी समस्याएं हैं, लेकिन इन पर कोई निर्णय नहीं हो पा रहा है। इसका खामियाजा वाहन चालकों को उठाना पड़ रहा है और चालान होने के बाद उन्हें कोर्ट तक चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

# प्रदेश में कई वेदर सिस्टम सक्रिय, इन सात संभागों के शहरों में बारिश की संभावना



भोपाल। अलग-अलग स्थानों पर छह मौसम प्रणालियां सक्रिय हैं। इनके प्रभाव से मध्य प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ वर्षा हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, सागर, ग्वालियर, चंबल, शहडोल संभाग के जिलों में वर्षा होने की संभावना है। इस और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक ग्वालियर में 0.8 मिलीमीटर वर्षा हुई। सबसे अधिक 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान खंडवा में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक रहली में 16.3, मवई में 6.8, पुष्पराजगढ़ में 4.2, जयतपुर में 4.0, बिजुरी में 3.8, जयसिंहनगर में 2.0, वारासिवनी में 1.3, वेंकटनगर, नौगांव, अमानगंज,देवरी, सागर में एक मिलीमीटर वर्षा हुई। मुरैना और सागर में ओले गिरे।

इस दौरान सागर में सर्वाधिक 65 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं भी चलीं। खंडवा में गर्म रात्रि रही। शनिवार को प्रदेश के कई शहरों में वर्षा होने की संभावना है।

ये मौसम प्रणालियां हैं सक्रिय पश्चिमी राजस्थान से लेकर पूर्वी राजस्थान से होकर आंध्र प्रदेश तक एक द्रोणिका बनी हुई है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य द्रोणिका पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश से लेकर झारखंड होते हुए बांग्लादेश तक बनी है।

मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि अभी तीन-चार दिन तक मौसम का इस तरह का मिजाज बना रह सकता हैं।

इस दौरान अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है।

# आईपीएल मैच में हर बॉल पर लग रहा था सट्टा, जबलपुर में तीन गिरफ्तार



जबलपुर । कटंगी-पाटन बाइपास पर आईपीएल क्रिकेट दौरान चल रहे सट्टे के एक अड्डे पर क्राइम ब्रांच ने छापेमारी की। मौके से तीन सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस को बाइपास पर कटंगी लिंक मार्ग पर हुकुमचंद पटेल के निवास स्थान पर आईपीएल सट्टा चलने की सूचना मिली थी।

बुधवार की रात को पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की। जहां, पर तीन युवक बैठे थे। वे फोन पर लगातार बातचीत कर रहे थे। गुजरात और राजस्थान के बीच खेले जा रहे आईपीएल मैच में सट्टा लिख रहे थे। मौके पर सट्टा लिखने के लिए उपयोग किए जा रहे आठ मोबाइल फोन, एक लैपटाप और नकद 33 हजार 500 रुपये मिले है, जिसे जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपितों में कोतवाली दरहाई सराफा निवासी आनंद जैन, बड़ा फुहारा तिलक भूमि तलैया निवासी निखिल जैन एवं राकेश जैन हैं।

किराए पर लिया था घर सट्टा खिलाने के तीनों आरोपित शातिर है। आरोपितों ने हुकुमचंद के घर के प्रथम तल में कमरा किराए पर लिया था। पुलिस से बचने के लिए दूसरे के नाम की सिमकार्ड का उपयोग कर रहे थे। पुलिस ने मौके से मोबाइल व अन्य सामग्री जब्त किए हैं। हनुमानताल में सटोरिया गिरफ्तार हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक सटोरिये को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच को थाना क्षेत्र के सरकारी कुआं के पास सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी।

# राशन हितग्राहियों का 30 अप्रैल तक ई-केवायसी कराने कैंप लगा रही सरकार




भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय खाद्य, सुरक्षा अधिनियम के पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाकर करने के निर्देश दिए हैं। 543.31 लाख पात्र हितग्राहियों में से शेष 108.27 लाख हितग्राहियों की ई-केवायसी 30 अप्रैल तक पूर्ण करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा प्राप्त हुए हैं। समय सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी न होने पर हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में कठिनाई हो सकती है। इसलिए समस्त पात्र हितग्राहियों के ई-केवायसी समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं।

मंत्री राजपूत ने बताया कि 9 से 30 अप्रैल तक प्रदेश में ई-केवायसी कराने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

विशेष अभियान में ई-केवायसी से शेष रह गये सभी पात्र हितग्राहियों की सूची पीओएस मशीन, स्थानीय निकाय, जेएसओ लागिन पर उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय प्रशासन विभाग के स्थानीय अमले का सहयोग लिया जा रहा है।

# राजगढ़ में नाबालिगों की सगाई में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष, बोले- बाद में शादी में दिक्कत आती है



राजगढ़। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर ब्लाक में नाबालिग बच्चों की सगाई का मामला सामने आया है। इस बाल सगाई में शामिल होने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बालिका को लिफाफा देकर आशीर्वाद दिया।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष का बालिका को सगाई के दौरान आशीर्वाद व लिफाफा देते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। गुर्जर खिलचीपुर ब्लाक के एक गांव में एक सगाई के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। वह वर पक्ष की ओर से आयोजन में शामिल होने गए, जहां सगाई के तहत बालिका को उपहार या नकद राशि दी जाती हैं। करीब 11-12 वर्ष की बालिका की सगाई की गई। ऐसे में गुर्जर ने शामिल होकर आशीर्वाद दिया व रस्म के मुताबिक लिफाफा दिया।

जिलाध्यक्ष बोले- सगाई की है, शादी नहीं

पूरे मामले को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने सफाई देते हुए कहा कि हमारे समाज में बच्चों के बड़े होने पर सगाई संबंध में दिक्कत आती है, इसलिए यह सगाई की है, विवाह नहीं किया।

सगाई और विवाह में अंतर है। विवाह तो उनके बालिग होने पर ही किया जाएगा। मेरी सगाई भी जब मैं कक्षा 3 में था, तब हो गई थी, लेकिन शादी बालिग होने पर की।




# मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने 5800 करोड़ रूपए लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

## अगले तीन साल में म.प्र. का राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क अमेरिका से भी अच्छा बनायेंगे



इंदौर। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। म.प्र. में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है।

केन्द्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर की 6 नई परियोजनाएं मंजूर- केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 कि.मी. लंबाई 6 नई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रूपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की।

राजमार्ग होते हैं हैप्पीनेस लाने वाले हाइवे- केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र का विकास होगा। युवाओं को रोजगार? मिलेगा, गरीबी दूर होगी। किसानों की फसल को अच्छा दाम मिलेगा। रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि राजमार्ग हैप्पीनेस लाने वाले हाई-वे होते हैं। हम मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे, ताकि यहां सबको शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य उपचार और विकास का लाभ मिले।

## विश्व होम्योपैथिक दिवस पर श्री अन्नपूर्णा आश्रम मन्दिर में मेगा स्वास्थ्य शिविर संपन्न

इन्दौर। आयुष विभाग इन्दौर द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर श्री अन्नपूर्णा आश्रम मन्दिर पर एक मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ. सैमुअल हैनिमन की 270 वीं जन्म जयंती को समर्पित है, जिन्हें होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का जनक माना जाता है। शिविर का उद्देश्य ÷सर्वजन स्वास्थ्य÷ को साकार करना है, ताकि हर व्यक्ति स्वस्थ और प्रसन्न रह सके। इस अवसर पर मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने और जनमानस में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि होम्योपैथ प्राकृतिक और सुरक्षित इलाज है, होम्योपैथिक दवाएं प्राकृतिक स्रोतों से बनी होती हैं और इनके कोई साइड इफेक्ट नहीं होते, केवल लक्षणों को नहीं, बल्कि रोग के मूल कारण को खत्म करने पर ध्यान रहता है, प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि लाकर रोगों से लड़ने की शक्ति को बढ़ावा देती हैं। दीर्घकालिक राहत हेतु लंबे समय तक प्रभावी उपचार, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य में मददगार है। अवसाद, तनाव, अनिद्रा आदि में लाभकारी, हर आयु वर्ग के लिए सुरक्षित है, नवजात से बुजुर्ग तक सभी के लिए उपयुक्त है। जिला आयुष अधिकारी के निर्देशन में आयोजित इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रोगियों की जाँच व परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में 328 लाभार्थियों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। शिविर प्रभारी डॉ रचना रघुवंशी ने बताया कि शिविर का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी श्री विश्वेरानंद गिरिजी द्वारा हैनीमनज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वन कर किया।

## गर्मी से बेहाल मप्र, कई शहरों में लू और ओलों ने भी मचाई तबाही



इंदौर। मध्यप्रदेश में इस समय तेज गर्मी और लू के साथ कुछ स्थानों पर बारिश और ओले भी गिर रहे हैं। गुरुवार को प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी का असर देखा गया। धार और रतलाम में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया, जहां धार में 42.3 डिग्री और रतलाम में 42.2 डिग्री तापमान रहा। इंदौर में दो दर्जन से ज्यादा मोरों की मौत की खबर आई, हालांकि प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने दो मोरों की मौत को हीट वेव से होने की बात कही। इस बीच शिवपुरी में शाम को बादल गरजे और बूंदाबांदी हुई, वहीं सागर में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरे। मुरैना में भी तेज हवाओं और बारिश के साथ ओले गिरने से फसलों को नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस और ट्रफ एक्टिव होने के कारण अगले तीन दिनों तक यह मौसम बना रहेगा। मध्यप्रदेश के बड़े शहरों में तापमान में भारी वृद्धि देखी गई है।

## भारतीय पत्रकारिता महोत्सव में तीन सम्मान समारोह

इंदौर। भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के अंतर्गत स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. राष्ट्रीय, प्रादेशिक और इंदौर के मीडियाकर्मियों को मूर्धन्य सम्पादक श्री राहुल बारपुते, श्री राजेन्द्र माथुर, श्री प्रभाष जोशी, श्री माणिकचंद वाजपेयी, श्री रमेशचंद्र अग्रवाल, श्री अभय छजलानी एवं डॉ. वेद प्रताप वैदिक की स्मृति में सप्तऋषि सम्मान से अलंकृत करेगा। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव को श्रीनरेश मेहता स्मृति लाइफ टाइम एच्यूवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

शुक्रवार 11 अप्रैल को शाम 7-30 बजे अभिनव कला समाज सभागृह में आयोजित सप्तऋषि सम्मान समारोह में इन्दौर शहर के 61 सक्रिय मीडियाकर्मियों एवं 15 वरिष्ठ फोटोग्राफर को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा मीडियाकर्मियों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रवीण कक्कड़ करेंगे।

रविवार 13 अप्रैल को दोपहर 1 बजे जाल सभागृह में सप्तऋषि प्रादेशिक सम्मान समारोह के अंतर्गत मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर पत्रकारिता करने वाले मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों की सूची में व्हिसपर्स इन द कॉरिडोर के डॉ. सुरेश मेहरोत्रा, पॉवर गैलरी के दिनेश गुप्ता, वक्षुदर्शी न्यूज पोर्टल के राकेश अचल, एडिटर इन चीफ द सूत्र के आनंद पांडे, हम समवेत न्यूज पोर्टल के ऋषभराज सिंह, न्यूज पुराण डॉट कॉम के मंगला प्रसाद मिश्रा, मीडियावाला डॉट इन के सुरेश तिवारी, बुंदेती बौछार के सचिन चौधरी, एमपी ब्रेकिंग न्यूज के गौरव शर्मा, पीटीआई के जयप्रकाश श्रीवास, दैनिक भास्कर के विनोद तिवारी शामिल है। सोमवार 14 अप्रैल को सायं 7 बजे जाल सभागृह में सप्तऋषि राष्ट्रीय सम्मान समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय पटल पर पैनी पत्रकारिता करने वाले मध्यप्रदेश के मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों की सूची में एनडीटीवी के अखिलेश शर्मा, स्वदेश के राकेश शुक्ला, अमर उजाला के प्रणय उपाध्याय, राजस्थान पत्रिका के अभिषेक तिवारी, डीडी न्यूज के प्रखर श्रीवास्तव, न्यूज नेशन के डॉ. कपिल शर्मा, डीएवीपी के दुर्गानाथ स्वर्णकार, लोकमत समाचार के रवीन्द्र अनंत भजनी, बीएनएच के प्रमोद राघवन, न्यूज 24 एमपीसीजी के अभिलाष मिश्रा, डीडी न्यूज के सुश्री संध्या शर्मा शामिल है।

## मंत्री श्री सिलावट ने पिवड़ाय में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और स्टाफ आवासग्रहों का किया निरीक्षण




इंदौर। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने आज सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिवड़ाय में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और स्टाफ आवासग्रहों का किया निरीक्षण। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। श्री सिलावट ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और स्टाफ आवासग्रहों के निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु 6 माह का समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि उक्त निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किया जाये। उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री सिलावट के प्रयासों से ग्राम पिवड़ाय में 30 बिस्तरीय सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन और स्टाफ आवासग्रहों के निर्माण के लिये राज्य शासन द्वारा कुल 1094.21 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री श्री सिलावट को अवगत कराया कि हॉस्पीटल के ब्लाक में आरसीसी का कार्य पूर्ण हो गया है। दीवार जुडाई प्लास्टर कार्य प्रगति पर है। सेप्टीक टेंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## जल केवल जीवन नहीं, संस्कार भी है - मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल संसाधन दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि आपः सुजिरा अमृतः सुवर्चाः शंभू मयोभूः अर्थात् जल न केवल अमृतस्वरूप है, बल्कि शुभ, पवित्र और जीवनदायक भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल केवल जीवन जीने का संसाधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में यह एक संस्कार की तरह है। हर बूंद में जीवन है, और हर स्रोत में आने वाले कल का भविष्य छिपा है। ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम इस अमूल्य धरोहर की हर संभव तरीके से रक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जल संसाधन दिवस पर यह संकल्प लें कि सभी जल का संरक्षण करेंगे और इसे व्यर्थ नहीं बहने देंगे। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जल बचाने के लिए जागरूक रहने और समाज को प्रेरित करने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा जल प्रबंधन एवं वर्षा जल संचयन की जन जागरुकता प्रसार एवं जन सहभागिता के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।

## मनमोहक श्रृंगार, माणिक, मोती, आभूषणों में सजे भगवान महावीर, पिपली बाजार मंदिर में दर्शनार्थियों का ताता

### पावापुरी टोपी, रत्न जड़ीत, दुपट्टे पहनाकर शोभायात्रा में समाज जनों का किया भावपूरक स्वागत



इंदौर। भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर पिपली बाजार स्थित श्री दादा साहब मंदिर में माणिक ,मोती और विभिन्न रत्नों से भगवान का मनमोहक श्रृंगार पुंडरीक पालरेचा ने किया गया, दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे, वही आज भव्य शोभा यात्रा में मातोश्री पालरेचा परिवार की ओर से पावापुरी चित्र अंकित टोपी एवं रत्न जड़ित दुपट्टा पहना कर समाज जनों का आत्मीय स्वागत किया गया। भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती अवसर पर भव्य अंग रचना मनमोहक श्रृंगार पिपली बाजार स्थित श्री दादा साहब मंदिर में किया गया। पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि भगवान का दिव्य रत्न आभूषणों से श्रृंगार किया गया, हीरे, मोती माणिक आदि रत्न से प्रभु की छठा निराली लग रही थी, दोपहर 12 बजे से 3.30 बजे तक तकरीबन साढ़े तीन घंटे में पुंडरीक पालरेचा और दिलीप पुजारी ने इस भव्य मनोहरी आकर्षक श्रंगार को स्वरूप प्रदान किया,दर्शनार्थियों को भी यह रूप मनमोहन रहा था। भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव में श्वेतांबर जैन महा संघ न्यास के तत्वावधान में आयोजित विशाल रथ यात्रा जब गौराकुंड चौराहा से नेमीनाथ चौक बड़ा गणपती की ओर बड़ी विशाल रथ यात्रा का भव्य स्वागत मातुश्री पालरेचा परिवार द्वारा किया गया शांतू पालरेचा, पुंडरीक पालरेचा द्वारा यात्रा मैं शामिल सभी गणमान्य लोगों एवं युवाओं का पावापुरी चित्र अंकित टोपी एवम् दुपट्टा पहनाया गया।

## इंदौर में चार मोरों की मौत, पोस्टमार्टम के बाद डाक्टरों ने कहा लू लगने से हुई मौतें

इंदौर। जीपीओ क्षेत्र में चार मोरों की मौत हो गई। लोगों ने जब मोरों को जमीन पर मृत अवस्था में देखा तो पशु चिकित्सालय को सूचना दी। इसके बाद विभाग की टीम आई और मोरों को पशु चिकित्सालय ले गई। वहां चारों मोरों का पोस्टमार्टम किया गया। डाक्टरों ने मौत की वजह बढ़ता तापमान और लू बताई है। इंदौर में अलग-अलग स्थानों पर पंद्रह हजार से अधिक मोर है। मिल एरिया के परिसर, भांग्या, कृषि कॉलेज क्षेत्र, रेसीडेंसी एरिया, मेघदूत, रालामंडल, पीटीएस, साकेत नगर में कई मोर परिवार बड़ी संख्या में पाए जाते है। रहवासियों को पहले लगा कि कुछ खाने की वजह से मोरों की मौत हुई है, लेकिन एक ही इलाके में चार मोर मृत मिले। चिड़ियाघर प्रभारी उत्तम यादव ने कहा कि उन्हें रहवासियों ने फोन पर मृत मोरों की जानकारी दी थी। हमारी टीम मोरों को प्राणी संग्रहालय के चिकित्सालय में लेकर आई।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में सामाजिक संस्थाओं एवं नागरिकों की सहभागिता आवश्यक –विधायक अनिल जैन

## धार्मिक शहर में अपने नैतिक कर्तव्यों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान में सामाजिक संस्थाएं नदी कुएं तालाब बावड़ी का संरक्षण करें

उज्जैन। जल गंगा संवर्धन अभियान दिनांक 30 मार्च से 30 जून 2025 तक प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जिसमें शहर की सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं की सहभागीता सुनिश्चित करते हुए अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रशासनिक संकुल भवन में सामाजिक संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा, निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, भाजपा नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह एवं निगम आयुक्त श्री आशीष पाठक की उपस्थिति में सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को



शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान की जानकारी देते सुझाव आमंत्रित किए गए।

आयुक्त श्री आशीष पाठक द्वारा जलगंगा अभियान अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यो की विस्तृत जानकारी देते हुए अभियान में अधिक से अधिक सहयोग करते हुए जल संरक्षण में अपना योगदान देने की बात कही।

कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने कहा कि शासन निर्देशानुसार उज्जैन शहर की समस्त जलसंरचनाओं की साफ सफाई का कार्य करते हुए उनके संरक्षण का कार्य किया जाएगा। आप सभी शासन की इस योजना में अपना योगदान दें।

भाजपा नगर अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल ने एक पेड़ मां के नाम के साथ ही जल गंगा संवर्धन अभियान में सभी की सहभागिता को आवश्यक बताया।

निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन जी यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान सार्थक सिद्ध होगा इसी के क्रम में सभी सामाजिक संस्थाओं खेल संस्थाओं एवं शहर की सभी संस्थाओं के साथ सप्त सागर, बावड़ी, नदी, तालाब की सफाई करते हुए जल का संरक्षण किया जाएगा।

# 900 से अधिक तपस्वीयों की आराधना कराने का लाभ लेने वाले परिवार का किया अभिनंदन



उज्जैन। सिद्धचक्र केशरीयानाथ मंदिर खाराकुआं पर चल रही नो दिवसीय चैत्र मास की शाश्वत ओलीजी की आराधना के आठवें दिन 900 से अधिक तपस्वीयों की आराधना कराने का संपूर्ण लाभ लेने वाले सुभद्रादेवी बाबूलालजी मारू परिवार के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया गया।


इस अवसर पर ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट मंडल द्वारा शाल, श्रीफल, माला एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर मारु परिवार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री नयचंद सागर सूरीश्वरजी एवं उपस्थित 12 साधु एवं 70 साध्वी जी के द्वारा लाभार्थी परिवार को शुभ आशीर्वाद प्रदान किया गया। उज्जैन नगर के सकल जैन श्रीसंघ के समाज जन, तपस्या कर रहे समस्त तपस्वी गण एवं पेढ़ी ट्रस्ट मंडल के जयंतीलाल हरणिया, नरेन्द्र जैन, अनील शेखावत, अशोक भण्डारी, अशोक हरणिया, संजय जैन, प्रमोद जैन, सौरभ मावावाला सहित अनेक बाहर से पधारे अतिथी उपस्थित थे।

## श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर में आज होगी भजन संध्या

उज्जैन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव आज 12 अप्रैल शनिवार को श्री राम चैतन्य बाल हनुमान मंदिर, शास्त्री नगर उद्यान मंदिर प्रांगण में भव्य रूप से मनाया जायेगा।

हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम संयोजक अर्जुनसिंह राठौर ने बताया कि अपने 14 वें वर्ष में पदार्पण करने जा रही श्री राम चैतन्य बाल हनुमान जनकल्याण समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज संध्या 6 बजे से संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ, क्षिप्रा की तर्ज पर महाआरती व लक्ष्मण दांदवानी (लच्छु भैया) अपनी सुमधुर आवाज में विशेष भजन प्रस्तुति देंगे। संध्या 7 बजे से महाप्रसादी (भंडारा) का आयोजन रखा गया है। हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील प्रतापराव चव्हाण, प्रवीण वशिष्ठ, विशाल निम्बालकर, शैलेन्द्रसिंह चौहान।

# प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से निकलेंगे देवो के प्रतीक निशान, नगरवासी करेंगे पूजन



उज्जैन। 12 अप्रैल शनिवार हनुमान जयंती पर श्री अखंड ज्योत हनुमान मंदिर पर प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में देवों के 27 निशानों का पुजन कर संध्या 7 बजे झिलमिल झाकीयो के साथ ध्वजचल समारोह गैर निकाली जाएगी। जो फ्रीगंज के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर पर समाप्त होगी।

मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि इस वर्ष गैर का यह 79वां वर्ष है। सनातन परंपरा की प्राचीन धरोहर गैर सभी क्षेत्रों से निकाली जाती है। इसी तरह पिछ्ले 78 वर्ष से निरंतर श्री शिव विष्णु समिति द्वारा परंपरागत फ्रीगंज क्षेत्र में प्रकटेश्वर महादेव मंदिर से पुजारी परिवार द्वारा गैर का आयोजन हर वर्ष किया जा रहा है। जिसमें हिंदू धर्म के सभी भक्तजन शामिल होते हैं। श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में अखंड रामायण का पाठ 11 अप्रैल से प्रारंभ हुआ। वहीं आज श्री हनुमान जयंती पर हनुमान जी की जन्मआरती प्रातः 6 बजे कर 8 क्विंटल शुद्ध घी की नुकती का वितरण पुरे दिन मंदिर पर होगा। सभी कार्यक्रम श्री शिव विष्णु समिति द्वारा फ्रीगंज के व्यापारियों व रहवासियों के सहयोग से किया जाता चला आ रहा है।

## दलितों और महिलाओं के मसीहा थे ज्योति बा फूले- मुकेश भाटी

उज्जैन। दलितों और महिलाओं के मसीहा थे ज्योति बा फूले। महात्मा ज्योतिबा फुले ने सत्य और न्याय के लिए जो आवाज उठाई उसने देश में सामाजिक आंदोलन को एक नई दिशा दी। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भारत वर्ष में पहला स्कूल खोलकर क्रांतिकारी कदम उठाया, वे कहते थे कि शिक्षा ही सामाजिक उत्थान और परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। उक्त उदगार शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जंयती पर कहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी के नेतृत्व में इंदिरा नगर चौराहे पर स्थित ज्योति बा फूले की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर बैरागी, संगठन मंत्री अजय राठौर, सेवादल जिला अध्यक्ष, चैन सिंह चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर।

# त्रिदिवसीय श्री महावीर जन्म कल्याणक के दूसरे दिन जीवनदीप परिवार द्वारा मधुमेह खोजो अभियान

बुधवार। दिनांक 9 अप्रैल 2025 को जीवनदीप परिवार द्वारा मधुमेह खोजो अभियान का आयोजन किया गया।

आयोजन प्रभातफेरी समापन स्थल श्री महावीर स्तंभ, फव्वारा चौक पर रखा गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री महावीर विकलांग सहायता सेवा समिति के वॉइस चेयरमेन अहमदाबाद निवासी श्री ललित जी जैन थे।



अभियान के अंतर्गत 126 लोगो की निःशुल्क शुगर की जाँच की गई, जिसमे ऐसे 9 व्यक्ति शुगर से पीड़ित पाए जिन्होंने पहली बार शुगर की जाँच करवाई थी।

रात्रि में श्री अवन्ति पार्श्वनाथ जी तीर्थ पर जीवनदीप प्रार्थना पत्र का विमोचन एवं प्रार्थना के रचियता उज्जैन के लाड़ले कवि श्री सुगनचंद जी जैन का बहुमान अतिथि अहमदाबाद निवासी श्री ललितजी जैन द्वारा किया गया।

निर्माणाधीन जीवनदीप सेंटर के अवलोकन पश्यात आपके द्वारा अपनी ओर से एक ट्रांसफॉर्मर लगवाने की भी सहमति प्रदान की गई।

श्री ललित जी जैन, जीटो द्वारा आयोजित नवकार दिवस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुए थे एवं आपके द्वारा नवकार महामंत्र की 500 स्टैंडिंग प्लेट का लाभ लिया गया जों जीवनदीप परिवार व जीटो के माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर वितरित करवाई गई। इस अवसर पर जीवनदीप परिवार व महिला विंग के सक्रिय सदस्य भी उपस्थित थे।

# बाबा बाल हनुमान मंदिर पर रुद्राभिषेक से प्रारंभ हुआ हनुमान जन्मोत्सव महापर्व



उज्जैन। आगर रोड, गाड़ी अड्डा चौराहा स्थित जे सी मिल परिसर में अतिप्राचीन बाबा बाल हनुमान मंदिर पर रुद्राभिषेक के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव महापर्व का शुभारंभ हुआ।

मंदिर के पुजारी रूपेश मेहता ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री बाबा बाल हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी क्रम में मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्जा की गई हैं। शनिवार को प्रातः 6 बजे बाल हनुमान जी का दूध, पंचामृत, गंगाजल, केसर, फलों के रस ओर दुर्लभ जड़ी बूटियों से रुद्राभिषेक किया जाएगा। पश्चात मखमली पोशाक वस्त्र धारण कराकर आकर्षक मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। दोपहर 3 बजे सुंदरकांड किया जाएगा और शाम 6 बजे मंदिर बचाओ संघर्ष समिति (अ.भा.पुजारी महासंघ, अ.भा. क्षत्रिय महासभा, अ.भा. कोली कोरी समाज, करणी सेना, बजरंग दल, महाकाल सेना, अखंड हिन्दू सेना, साहू समाज, श्री सहस्त्र ओदीच्य ब्राह्मण समाज) के तत्वावधान में महाआरती की जाएगी। समिति के सभी संस्थाओं के प्रमुखों ने धर्म प्राण जनता से महाआरती में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की हैं।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com